## नहीं बदला जला हुआ ट्रांसफार्मर, कई बार कर चुके शिकायत

**जागरण, रीवा।** ग्राम पंचायत उमरी के रहवासियों सहित यहां के किसान जले हुए ट्रांसफार्मर को न बदले जाने से परेशान ग्रामवासियों को बिजली उपलब्ध नहीं हो रही। किसानों ने बताया कि ग्राम के नादा टोला में कुछ समय पूर्व ही ट्रांसफार्मर लगाया गया था। जिसकी वारंटी आगामी 18 अगस्त 2027 तक दर्शायी गई है पिछले पंद्रह दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया जिसे बदलने के लिए किसानों सहित ग्रामवासियों ने भी गुहार लगाई, लेकिन ट्रांसफार्मर न तो बदला गया न ही सुधारा गया। पूरा गांव अंधकार में डूबा है किसानों की खेती का बंटाधार हो रहा है। ये तो बारिश होने से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन आगामी समय में खेतों में पानी फिराने के लिए बिजली की आवश्यकता पड़ेगी।10 घंटे बिजली देने का वादा कर 24 घंटे में मात्र 3-4 घंटे ही बिजली दी जाती है वह भी ट्रांसफार्मर जल जाने से बंद हो गई। उमरी क्षेत्र के रहवासियों व किसानों ने बताया कि उमरी क्षेत्र में ही लगभग 6 ट्रांसफार्मर जले हैं, जिन्हें न तो दुरुस्त किया जा रहा है न ही बदला जा रहा है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)

डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

# यूजीसी के विरोध में रीवा में मुखर हो रहे स्वर

### सवर्ण समाज पार्टी पूर्व अध्यक्ष ने कहा समाज को बांटने नहीं देंगे

### बिफरे अधिवक्ता, कमिश्नरी घेरा

### कार्यकर्ता बीके माला ने लोकभवन में राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

जागरण, रीवा

पड़ोसी राज्य यूपी में यूजीसी बिल को लेकर मुखर हुए विरोध के स्वर के बाद रीवा के सवर्णों में हलचल मची है। अब इन्हें लगा है कि इनके अधिकारों का हनन हो रहा है जिसके खिलाफ विरोध के स्वर मजबूत करने की रणनीति बना रहे हैं। यूजीसी बिल को लेकर पूर्व विधायक व सवर्ण समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि भाजपा अब अंग्रेजों की राह पर चलने लगी है और समाज को बांटकर वोट लेना चाहती है। श्री तिवारी ने कहा कि वह समाज को बांटने नहीं देंगे। श्री तिवारी ने कहा कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सवर्ण समाज की रक्षा के लिए फिर अग्रणी भूमिका में खड़े रहेंगे।

**बिल में करें संसोधन: धर्म, नस्ल -जाति में न बांटें** : सामाजिक कायकर्ता बीके माला ने बुधवार को लोकभवन भोपाल में राज्यपाल को ज्ञापन देकर कहा कि लोकहित में अनुरोध है कि सरकार एवं आयोग यूजीसी बिल के अप्रसांगिक तथ्यों पर गंभीरता से विचार करें एवं उक्त विनिमय में इस प्रकार संशोधन करें कि ये वाकई पूर्ण समता का समावेश करने वाले नियम हों, न कि धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, एवं भाषा क्षेत्रियता के आधार पर बांटने का टूल बन जाए? भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए इस विषय पर गंभरता से चिंतन व विचार करना जरूरी है।

## यूजीसी में संशोधन को लेकर सवर्ण समाज द्वारा 1 फरवरी को भारत बंद का आह्वान



यूजीसी में संशोधन तथा वर्तमान में सरकार द्वारा यूजीसी नियम जो बिल बनाए गए हैं उसका लिखित में सुझाव ज्ञापन पत्र के माध्यम से राज्यपाल मप्र भोपाल को प्रेषित किए गए हैं। सवर्ण समाज ने बताया कि यूजीसी में विनिमय 2026 वाकई पूर्ण समता का समावेश करने वाला नियम नहीं है ये धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, भाषा, क्षेत्र का आधार पर बांटने का काम किया जा रहा है। इस नियम पर सरकार को पुनः गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि आने वाली जनरेशन को किसी प्रकार की समस्या न हो एवं देश में वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा नहीं होना चाहिए, इस नियम से जातिगत भेदभाव पूरी तरह से प्रलक्षित होते हैं। यूजीसी के विरोध स्वरूप आगामी 30-31 जनवरी को सवर्ण समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा व 1 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया जाएगा।

## स्वीकार्य नहीं समाज में वैमनस्यता फैलाने वाला कानून: एडवोकेट्स



रीवा जिले के अधिवक्ताओं ने यूजीसी बिल के विरोध में कमिश्नरी घेरा और कहा कि समाज को बांटने वाला यह कानून उन्हें स्वीकार्य नहीं। जिला अधिवक्ता के उपाध्यक्ष तरुणेंद्र सिंह ने कहा कि इसके पूर्व एससी/एसटी कानून बनाया गया है जिसका समय पर दुरुपयोग हो रहा हुआ इसका उपयोग ढाल बना कर किया जा रहा है। महाविद्यालय स्तर पर इस तरह कानून लाकर छात्रों के बीच जातीय वैमनस्यता फैलाने का काम होगा।

## यूजीसी नियमों पर पुनर्विचार जरूरी: आशीष तिवारी



ब्राह्मण चेतना परिषद के प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष तिवारी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रस्तावित नए नियमों पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में नियम लागू करने से पहले सभी वर्गों के सुझाव, संतुलित दृष्टिकोण और व्यापक संवाद बेहद जरूरी हैं। यदि नियमों पर समय रहते पुनर्विचार नहीं हुआ, तो यह छात्रों और शिक्षकों में असंतोष, मानसिक दबाव और सुरक्षा की चिंता बढ़ा सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि नियमों में सभी वर्गों के लिए समान, पारदर्शी और संतुलित सुरक्षा तंत्र का निर्धारण किया जाए। शिक्षा नीति का उद्देश्य सिर्फ प्रशासनिक नियंत्रण नहीं, बल्कि छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा, हित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए।

# बारिश से सीवरेज लाइन के लिए खोदी सड़कें कीचड़ से पटीं



### सड़क के गड्ढों में भरा पानी, लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**जागरण, रीवा।** बुधवार तड़के हुई बारिश ने शहरवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। शहर भर में लंबे समय से सीवरेज लाइन डालने का कार्य चल रहा है, जिसे डालने के लिए शहर की सड़कों की खुदाई कर दी गई है, पाइप डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है, उपर मिट्टी बिछा दी गई है, जिससे लोग गड्ढों के साथ ही पूरे बरसात के मौसम में कीचड़ से दो-दो हाथ करते रहे, बुधवार को हुई बारिश ने फिर से लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है, जहां-जहां अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ वहीं फिर से कीचड़ हो गया है। जिसके चलते लोगों को कहीं जाने-आने में परेशान होना पड़ रहा है।

वार्ड पांच में सीवरेज लाइन डालने सड़क का खनन किया गया था, यहां लाइन डालने के दौरान पुरी सड़क को ही खोद दिया गया था, बारिश होने से पूरा मार्ग कीचड़ से भर गया है, दोपहिया वाहन फिसलने के साथ ही पैदल चलने वालों को भी दिक्कतें उठाना पड़ी। बिछिया में भी सीवरेज लाइन डालने सड़क का खनन किया गया था वहां पर भी सड़क नहीं बनने से कीचड़ हो गया।

शहर की कुछ सड़कों पर पिछले दिनों पैचवर्क किया गया था लेकिन शहर में अभी भी कई जगहों पर पैचवर्क की दरकार है। बरसात के कारण अमहिया रोड स्थित विद्युत कंपनी कार्यालय के सामने गड्ढे में पानी भर गया, इसी प्रकार पुराने न्यायालय भवन के पीछे हनुमान मंदिर के समीप छात्रावास से बहकर आने वाले पानी के साथ ही बरसात का पानी भी भरा रहा। जि कारण इन क्षेत्रों से गुजरने वाले लोग गड्ढों से बचाव करते देखे गए।

# बिजली का इंतजार कर रहे किसानों को मिली बारिश से राहत

### तापमान परिवर्तन से बढ़ी ठंडक, चलीं ठंडी हवाएं, हल्का कोहरा छाने की आशंका

**जागरण, रीवा।** दिन-रात फसलों की सिंचाई के लिए बिजली का इंतजार कर रहे किसानों को विद्युत कंपनी तो नहीं बारिश ने जरूर राहत प्रदान की। जिले के ग्राम्य अंचलों में अघोषित बिजली कटौती से कई किसान फसलो की सिंचाई नहीं कर पा रहे थे। फिलहाल कुछ समय के लिए किसानों की यह चिंता बारिश ने हर ली। बारिश होने से वातावरण और भी ठंडा हो गया, बुधवार तड़के 3:31 पर बारिश शुरू हुई, इसके पूर्व दो बजे के लगभग हल्की बूंदाबांदी हुई। लेकिन तड़के शुरू हुई बरसात सुबह साढ़े बजे तक होती रही, जो किसानों द्वारा गेहूं, चने की फसलों के लिए बेहतर बताई जा रही है।



### ठंड ने फिर ठिठुराया, जले अलाव

मंगलवार रात से ही मौसम में ठंड का असर बढ़ गया था, रात को कोहरा भी छाया, बुधवार हुई बारिश से तापमान में परिवर्तन देखने को मिला, सुबह सूर्यनारायण ने भी देर से दर्शन दिए, हालांकि धूप इतनी तेज नहीं थी कि लोगों को ठंड से राहत दे सके, जिस कारण लोग अपने घरों पर ही दुबके रहे। दोपहर से हवाएंऔर तेज हो जाने से ठंड का असर और बढ़ गया। जिससे लोगों को फिर से अलाव का सहारा लेना पड़ा, सुबह के साथ ही लोग दोपहर में भी अलाव तापते दिखे। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस था वहीं अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं बुधवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 14.3 डिग्री सेल्सियस हो गया जबकि अधिकतम तापमान घटकर 24.3 डिग्री सेल्सियस हो गया। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले समय में हल्का कोहरा छाया रहेगा।

# कंपाउंडिंग शुल्क जमा करने में इंजीनियर फंसा रहे नये-नये पेंच

### अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया में हीलाहवाली से लोग हो रहे परेशान

### न तो मांग पत्र दिया जा रहा और न ही जमा कराया जा रहा कंपाउंडिंग शुल्क

**जागरण, रीवा।** नगर निगम की चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया में इंजीनियर ही बाधा बन रहे हैं। लोग पैसा लिये कंपाउंडिंग शुल्क जमा करने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन इंजीनियरों द्वारा नये-नये पेंच फंसा कर कंपाउंडिंग शुल्क जमा नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में निगमायुक्त डॉ. सोनवणे के बहर होने के कारण कई इंजीनियर इतने बेफिक्र हो गये है कि उनके द्वारा न तो माग पत्र सौंपा जा रहा है और न ही कंपाउंडिंग शुल्क जमा कराने में दिलचस्पी दिखाई जा रही है। इंजीनियरों के इस रवैये से वे लोग परेशान है जो वैध की जा रही कॉलोनियों में रहते हैं। कई लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब भी वे पैसा लेकर कंपाउंडिंग शुल्क जमा करने की कोशिश करते है तो इंजीनियरों द्वारा कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है।

गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा वर्ष 2016 के पहले तक विकसित की गई 131 अवैध कॉलोनियों को वैध घोषित कर इनकी कंपाउंडिंग की प्रक्रिया की जा रही है। इसके साथ अवैध कॉलोनी बसानों वाले कॉलोनाइजर्स को 181 करोड़ रुपये की देनदारी की नोटिस जारी की गई थी लेकिन इसकी वसूली में कोई प्रगति नहीं हुई है। इनमे से 71 ऐसी अवैध कॉलोनियों का पता चला जिनमे नियमानुसार कम से कम 10 प्रतिशत जमीन पार्क एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए नहीं छोड़ कर नियमों का उलंघन किया गया है। 71 ऐसी अवैध कॉलोनियों का पता चला जिनमे नियमानुसार कम से कम 10 प्रतिशत जमीन पार्क एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए नहीं छोड़ कर नियमों का उलंघन किया गया है।

### अधिकारियों पर तय की जाएगी जवाबदेही

नगर नियोजन नियमों के अनुसार प्रत्येक कॉलोनी में कुल भूमि का कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सा पार्क एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित करना आवश्यक होता है। परंतु इन 71 अवैध कॉलोनियों में पार्क के लिए आरक्षित भूमि नहीं छोड़ी गई थी। इस नियम उल्लंघन के चलते संबंधित कॉलोनाइज़र्स को 181 करोड़ रुपये की डिमांड नोटिस जारी की गई थी। मगर संबंधित अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण कोई आगे की कार्यवाही नहीं की गई। इस मामले में निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व राजस्व क्षति को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाह अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### अवैध रूप से बस रहीं 54 और कॉलोनियां

नगर निगम द्वारा शहर की नये सिरे से अवैध घोषित की गई 54 कॉलोनियां बसाने वाले कॉलोनाइजरों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इन चिन्हित अवैध कॉलोनियों के बारे में होर्डिंग लगाकर लोगों को चेताया अवश्य गया है लेकिन कार्यवाही नहीं किये जाने से कई लोगों ने इनमे प्लाट लेकर अब भवन अनुज्ञा के लिए नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। वर्ष 2016 के पहले तक विकसित की गई 131 अवैध कॉलोनियों को वैध घोषित कर दिया है। इसके अलावा नगर निगम द्वारा शहर की ऐसी 54 कॉलोनियों को अवैध घोषित किया गया है जिन्होंने विकास कॉलोनी अनुज्ञा प्राप्त किये बिना वर्ष 2016 के बाद कॉलोनी बसाने का प्रयास किया है। नगर निगम के जोन क्रमांक एक में 16 कॉलोनी, जोन क्रमांक दो में 11 कॉलोनी, जोन क्रमांक तीन में 14 कॉलोनी तथा जोन क्रमांक चार में 13 कॉलोनियों को अवैध घोषित किया गया है। इनके विरूद्ध कार्यवाही भी प्रस्ताविपत की गई है।

# भूतपूर्व सैनिक, किसान व शिक्षकों को किया सम्मानित

**जागरण, रीवा।** ग्राम पंचायत रीठी में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि इंजी. कल्पना पटेल जिला मंत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि विशम्भर नाथ पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता एव किसान मोर्चा महामंत्री थे, अध्यक्षता ग्राम पंचायत रीठी के सरपंच रामसेवक पटेल ने की। विनोद भट्ट, सलेनद्र देव, रामलाल चतुर्वेदी, अमर सिंह पटेल, नीतू तिवारी ने मंच संचालन किया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्र गान हुआ व भारत माता के जयकारे लगे। कार्यक्रम के दौरान कवि राम लखन सिंह, भौम्या चौरसिया, नीरज निर्मोही, ललिता पाण्डेय, सुलेखा पटेल द्वारा कविता पाठ किया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा संबोधन दिया गया। अंत में भूतपूर्व सैनिक, शिक्षक व किसान विजभान पटेल, भीमसेन तिवारी, राम कुमार पटेल, संतशरण पटेल, मोतीलाल पटेल, विशाल शुक्ला, शैलेन्द्र विनोद भट्ट, रामअवतार पटेल, राम लखन सिंह, भौम्या चौरसिया, नीरज निर्मोही, ललिता पाण्डेय, सुलेखा पटेल को सम्मानित किया गया। हीरामणि पटेल, श्रीनिवास कुशवाहा, विनोद पटेल, विनय भटट, मितेश देव, रामनरेश कोल, रामलाल कोल, सतीश पटेल, दिलीप पटेल, रामसुमिरन कोल, दिनेश साकेत, राजबहोर साकेत, रंजीत साकेत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।




# आध्यात्मिक चेतना व हिन्दू समाज के विकास के लिए सम्मेलन का आयोजन

**जागरण, रीवा।** माघ मेला महापर्व में विगत दिवस संगम तट पर त्रिदंडी मठ गोविन्दगढ़ के महंत जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री शेषमणिदासाचार्य जी महाराज द्वारा अपने शिविर में पारंपरिक रूप से आध्यात्मिक चेतना एवं हिन्दू समाज के विकास के लिए तथा लोगों के कल्याण के लिए संत सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख अखाड़ा के जगद्गुरु स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य जी प्रयाग, जगद्गुरु स्वामी कौशलेन्द्र प्रपन्नाचार्य जी प्रयाग, जगद्गुरु स्वामी योगेश्वराचार्य जी दिल्ली, जगद्गुरु स्वामी अवधश प्रपनाचार्य जी दिल्ली, जगद्गुरु स्वामी श्री रविश्वराचार्यजी रायपुर छत्तीसगढ़, जगद्गुरु स्वामी श्यामदेवाचार्य जी जयपुर, जगद्गुरु स्वामी कुलशेखराचार्य जी प्रयाग, जगद्गुरु स्वामी रामप्रपन्नाचार्य सुल्तानपुर, जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य जी पुरी, जगद्गुरु स्वामी राजारामाचार्य जी जबलपुर, जगद्गुरु स्वामी घनश्यामाचार्य जी प्रयाग, परमार्थ पीठाधीश्वरमहंत स्वामी राघव प्रपन्नाचार्य जी प्रयाग, त्रिदण्डीराघवाचार्य जी श्रीरंगम आदि संत उपस्थित रहे। संचालन महंत स्वामी अविनाश प्रपन्नाचार्य गोवर्धन मथुरा ने किया।




# महाभारत के 'श्रीकृष्ण' इन दिनों रीवा में, रचा चक्रव्यूह

### चित्रांगन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म एवं थिएटर फेस्टिवल का शुभारंभ

### कला, सिनेमा और साहित्य का महाकुंभ: नीतीश भारद्वाज

**जागरण, रीवा।** रामानंद सागर के महाभारत सीरियल में आपने किरदार से लोगों के मन में श्रीकृष्ण के रूप में अपनी छबि बना चुके सुप्रसिद्ध अभिनेता नितीश भारद्वाज बुधवार से रीवा में हैं। वह कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित चित्रांगन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म एवं थिएटर फेस्टिवल में शामिल होने आए हैं। रंग उत्सव नाट्य समिति रीवा द्वारा आयोजित यह पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, नगर निगम रीवा एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से 01 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। बुधवार को उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कला, सिनेमा, रंगमंच, शिक्षा और पत्रकारिता जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में महाभारत फेम अभिनेता नीतीश भारद्वाज, प्रसिद्ध निर्देशक अतुल सत्य कौशिक, एमसीयू के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, महाराजा पुष्पराज सिंह, प्रख्यात कोरियोग्राफर राजकुमारी मोहिना सिंह, संजय श्रीवास्तव (डायरेक्टर एमपीएसडी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर नीतीश भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि रंगमंच और सिनेमा समाज का दर्पण होते हैं। भारतीय संस्कृति और महाकाव्यीय परंपराएँ आज भी समकालीन समाज को दिशा देने का कार्य कर सकती हैं। प्रसिद्ध निर्देशक अतुल सत्य कौशिक ने कहा कि फ़िल्म और थिएटर केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना जगाने का सशक्त जरिया हैं। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि कला, मीडिया और शिक्षा का आपसी संवाद समय की आवश्यकता है। ऐसे मंच विद्यार्थियों और युवाओं को सीखने, समझने और अभिव्यक्त होने का अवसर प्रदान करते हैं तथा रचनात्मक सोच को नई दिशा देते हैं।








# आईसीटी लैब इंपैक्ट एसेसमेंट सर्वे कार्य संपन्न

**रीवा।** समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के निर्देश के अनुक्रम में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रीवा के द्वारा रीवा एवं शहडोल संभाग के रीवा सीधी सतना शहडोल जिले से पांच पांच स्कूले जिनमें सांदीपनी, मॉडल हाई स्कूल शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की स्कूलों में स्थापित आई सी टी लैब का फील्ड इन्वेस्टिगेशन कराया गया गौरतलब है कि महाविद्यालय में एम एड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विभागीय प्रशिक्षणार्थियों का दो सदस्यीय 20 दल गठित कर प्रशिक्षण आयोजित किया जाकर इनवेस्टिगेटर्स की नियुक्ति की गई थी इन्वेस्टिगेटरो द्वारा आवंटित संस्थाओं में 15,16 एवं17 जनवरी को जाकर फील्ड इन्वेस्टिगेशन किया गया जिनमें रीवा जिले की शा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तंड क्रमांक1,सांदीपनि स्कूल मनगवां शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ी हर्दी शा कन्या हाईस्कूल गंगेव, शा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के साथ सतना जिले की शास उ मा वि कन्या नागौद, शा उ मा विद्यालय बालक बिरसिंहपुर ,शासकीय सांदीपनि उ मा विद्यालय बगहा,शासकीय पी एम उ मा विद्यालय कन्या रामपुर बघेलान,शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्य विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1,सीधी जिले की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल सिहावल शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय मॉडल सीधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताला,शा सांदीपनी उ मा वि रामपुर नैकिन,शा सांदीपनी उ मा विद्यालय सीधी तथा शहडोल जिले की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुडवा शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर शासकीय सांदीपनी उत्तर माध्यमिक विद्यालय मऊ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर देवलौंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्योहारी में स्थापित आई सी टी लैब का इन्वेस्टिशन किया गया।



# शिक्षकों ने अटेंडेंस लगाने का प्रयास किया तो ऐप बोला आज छुट्टी है

## आए दिन हो रही समस्या, विभाग नहीं कर पा रहा सुधार



**जागरण,रीवा।** गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल पहुंचे शिक्षकों ने जब हमारे शिक्षक ऐप के जरिए ई. अटेंडेंस लगाने का प्रयास किया तो ऐप बोला आज छुट्टी है। ऐसे में शिक्षकों के सामने कई सवाल खड़े हो गए। राष्ट्रीय त्योहार के दिन वे स्कूल पहुंचे थे और जब रजिस्टर पर अटेंडेंस लगती थी, तब सभी के दस्तखत होते थे। ऐसे में यदि किसी शिक्षक के साथ कोई घटना-दुर्घटना हो तो उसका क्या होगा? ऐप तो बोलेगा अवकाश था, कानून बोलेगा अवकाश के दिन स्कूल क्यों गया था। कुल मिलाकर सोमवार को जब ऐप ने शिक्षकों को आईना दिखाया तो सभी को एक बड़ी खामी का पता भी चला। ऐसे में आने वाले समय में कहीं बच्चों का विशेष भोज भी यह कहकर बंद न कर दिया जाए कि अवकाश के दिन कैसा भोज। कहना है कि 26 जनवरी को सभी शिक्षक वर्षों से सजधज कर स्कूल पहुंचते रहे हैं और शिक्षकों के साथ बच्चों की भी अटेंडेंस लगती रही है। इस बार शिक्षकों ने स्कूल पहुंचकर ऐप के जरिए जब अटेंडेंस लगाने की कोशिश की, तो सभी के मोबाइल पर यही दिखाया कि आज गणतंत्र दिवस है और राष्ट्रीय दिवस का अवकाश है। ऐसे में आप टाइम इन नहीं कर सकते। इसके बाद शिक्षकों ने सवाल उठाया कि जब वे सभी स्कूल पहुंचे हैं और हर बार ऐसा होता है तो फिर ऐप में इसकी सुविधा क्यों नहीं है। हजारों शिक्षक स्कूल आते हैं और किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना हो गई तो उनका क्या होगा। बेहतर होगा कि इस व्यवस्था में परिवर्तन किया जाए।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के मंचन ने दर्शकों को किया भावुक

## लिटिल बैम्बिनोज में सांस्कृतिक उल्लास और अनुशासन का सुंदर संगम




**रीवा।** विंध्य विहार कॉलोनी स्थित लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह भव्य आयोजन विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. गायत्री शुक्ल के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिप्रा द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संध्या शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वागत उद्बोधन में विद्यालय की निदेशक डॉ. गायत्री शुक्ल ने कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और मंचीय प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष प्रस्तुति 'ऑपरेशन सिंदूर' में स्मृति, आराध्या, अंश, कुलदीप, संकल्प, आज्ञा, शुभी, आदित्य, वैदिक, स्नेहा एवं सोनिया ने सामाजिक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुधा सोनी, श्वेता मिश्रा, श्वेता सिंह तिवारी, रश्मी मिश्रा, रूपमाला पांडे, श्रेया सोनी, स्वाति सोनी एवं विवेक चतुर्वेदी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सराहनीय सहभागिता रही।

## मानस भवन में संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ शुरू



**रीवा।** शहर के मध्य स्थित मानस भवन में आज से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। स्व. श्रीष कुमार मिश्र की प्रथम पुण्य स्मृति में उक्त आयोजन अनिता मिश्र (नीतू) के द्वारा आयोजित की गई है जिसमें कथा व्यास स्वामी रामहर्षण देवाचार्य महाराज के परम कृपा पात्र शिष्य आचार्य पं. रमाशंकरदास महाराज श्रीधाम वृंदावनधाम होंगे। श्रद्धालु प्रेमीभक्तों को 03 फरवरी तक निरंतर दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक आचार्य की संगीतमय अमृतवाणी ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस पुनीत अवसर पर होने वाली कलश यात्रा में समस्त प्रेमीभक्तों से समय पर पधारने का आग्रह किया गया है।

## अटल कुंज में हुआ ध्वजारोहण



**रीवा।** अटल कुंज में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण में मुख्य रूप से भाजपा रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे एवं सांसद जनार्दन मिश्रा सहित पार्टी के जिला पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं और मिठाई खिलाकर गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई।

# खेल में जीतने के साथ सीखें भी: उप मुख्यमंत्री




## उप मुख्यमंत्री ने खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**जागरण, रीवा**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खिलाड़ी को खेल में जीतने के साथ सीखना भी चाहिए। हार जीत से परे रहकर अपनी टीम के लिये अपना सर्वोत्तम देना ही खिलाड़ी का दायित्व है। श्री शुक्ल ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभाग की टीमों के खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत से कोई फर्क नहीं पड़ता। जीतने पर घमण्ड न हो तथा हारने पर निराशा न हो। समभाव से अपना योगदान देकर सीखने की ललक के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को अच्छे मैदान व खेल के आयोजन आवश्यक हैं। रीवा में खेल के मैदानों की कमी नहीं है और खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित हो रही हैं जिनके माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में अप्रैल माह तक साढ़े दस करोड़ रुपये से सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण हो जायेगा।

इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि रीवा में खेलों के विस्तार के लिये उप मुख्यमंत्री द्वारा हर संभव प्रयास किये गये हैं। हमारे खिलाड़ी खेल सुविधा प्राप्त कर प्रदेश में अपना स्थान अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि रीवा के लिये राज्य स्तरीय आयोजन की मेजबानी सौभाग्य का विषय है। रीवा से खेल प्रतिभाएँ आगे आ रही हैं। उन्हें अच्छे खेल मैदान व सुविधाएँ मिली हैं। श्री चौहान ने खिलाड़ियों से अपेक्षा की कि खेल को खिलाड़ी भावना से खेलें क्योंकि खेल में या तो जीत होती है या हार, पर हार से निराश न हों। इससे पूर्व संभागीय खेल अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि रीवा के स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, टीआरएस मैदान तथा सैनिक स्कूल ग्राउण्ड में प्रदेश के संभाग के खिलाड़ी फुटबॉल मैच खेल रहे हैं। रीवा से भी 400 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने राज्य स्तर पर गये हैं। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह, पंकज सिंह पंकू, विवेक दुबे विधायक प्रतिनिधि, के.के. गर्ग, पूर्व पार्षद सतीश सिंह सहित खेल प्रेमी तथा संभागों के खिलाड़ी व कोच उपस्थित रहे।

## सत्या एकेडमी में वार्षिकोत्सव: सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**रीवा।** रतहरा स्थित सत्या एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा और विद्यालय के अनुशासित वातावरण की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने समारोह में समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक लोक नृत्य, नाटक और गीतों की प्रस्तुति दी, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने मुक्त कंठ से सराहना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जनार्दन मिश्र उपस्थित रहे। उनके साथ शाला प्रबंधन समिति के संरक्षक राजा प्रसाद पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने का बेहतरीन अवसर मिलता है।

## माई छोटा स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह




**रीवा।** सम्राट नगर में स्थित माय छोटा स्कूल द्वारा गणतंत्र दिवस, वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जहाँ विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने एक साथ खड़े होकर राष्ट्रगान गाया और देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। राष्ट्रीय ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पुष्पराज नगर स्थित कोठी गार्डन में आयोजित किया गया, जिसे विशेष रूप से भव्य रूप में सजाया गया था। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत स्वागत प्रस्तुति से हुई। इस अवसर पर नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति देकर सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम अदाएं, आत्मविश्वास और अनुशासन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद ममता कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी राम सखा यादव एवं टी. पी. यादव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय समिति के सदस्य संजय यादव की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विद्यालय की डायरेक्टर सपना यादव द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि माय छोटा स्कूल का उद्देश्य केवल पुस्तकीय शिक्षा देना नहीं है, बल्कि बच्चों को संस्कारवान, अनुशासित, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने सभी अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में विद्यालय की शिक्षिकाओं हिना, अर्शिया, सादिया, मीना एवं श्रुति का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ईमानदारी, नैतिकता एवं अखण्डता जैसे मूल्यों को आत्मसात करना समय की मांग: डॉ.मिश्रा

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यशाला का हुआ आयोजन




**जागरण,रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार को 'एथिक्स एवं इंटिग्रिटी' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आरएन तिवारी ने की, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.संजय कुमार मिश्रा डायरेक्टर बाल भारती स्कूल तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ.केसरकली तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य मुख्य वक्ता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक द्वारा देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। छात्रा शिवानी पाण्डेय द्वारा सरस्वती वंदना का गान किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं वक्ता का स्वागत पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। तदुपरान्त संस्था के प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने छात्रों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण के लिए नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के केन्द्र में मौजूद शारीरिक एमानसिक, भावानात्मक और आत्मिक विकास की अवधारणा को रेखांकित किया। शुभम मिश्रा सहायक प्राध्यापक सांख्यिकी द्वारा मुख्य वक्ता का विस्तृत परिचय देते हुए बताया कि उन्हें शिक्षा, पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यों के लिए उत्तराखण्ड रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.संजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधार्थी जीवन में नैतिकता एवं अखंडता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को बताया कि मनुष्य के चरित्र निर्माण के लिए ईमानदारी, नैतिकता एवं अखण्डता जैसे मूल्यों को आत्मसात करना समय की मांग है। उन्होंने छात्रों मे नैतिक मूल्यों के विकास में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भूमिका को भी स्पष्ट किया। अपने उद्बोधन के पश्चात उन्होंने छात्रों से संवाद किया तथा उनके प्रश्नों का बड़े ही सकारात्मक तरीके से उत्तर दिया।

कार्यक्रम के अन्त में डॉ.शिवनाथ कुमार शर्मा सहा.प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग द्वारा आभार ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रीति विश्वकर्मा सहा.प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा किया गया। इस दौरान सभागार में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.डीपी शुक्ला विभागाध्यक्ष गणित, डॉ.संजय तिवारी विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, डॉ. विनीता कश्यप विभागाध्यक्ष जीव विज्ञान, डॉ.अभिलाषा श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र, डॉ.नीलम पाण्डेय प्राध्यापक गणित, डॉ.अनीता तिवारी प्रध्यापक रसायनशास्त्र, प्रियंका जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिंदी, डॉ.गीतेश्वरी पाण्डेय सहायक प्राध्यापक गणित एवं अन्य महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# 10 तक स्कूलों में ही अपडेट होंगे बच्चों के आधार कार्ड

## शिक्षकों ने समय में बदलाव और अधिक कर्मचारी रखने की मांग की




**जागरण,रीवा।** सभी स्कूलों में बच्चों के आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य कराने के लिए कल से शुरु हुए अभियान 10 फरवरी तक चलेगा। इसमें चिन्हित स्कूलों में आधार अपडेशन शिविर आयोजित होगा और वहां बच्चों के आधार अपडेट कर दिए जाएंगे। हालांकि इस पर शिक्षकों ने आपत्ति लेते हुए कहा कि एक-एक स्कूल में सैकड़ों से हजारों बच्चे होते हैं और आधार अपडेशन के लिए एक कर्मचारी को भेज दिया जाता है जो दिन भर में बमुश्किल 40-50 अपडेशन कार्य ही कर पाता है। इसके अलावा स्कूल सुबह लग जाते हैं जबकि शिविर 10.30 बजे से लगता है। स्कूलों में 2 बजे के बाद छुट्टी हो जाती है ऐसे में शिविर का सभी बच्चों को लाभ नहीं मिल पाता। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी पत्र के अनुसार 5 से 15 आयु वर्ष के समस्त स्कूली बच्चों का आधार अपडेशन किए जाने हेतु जिला स्तर से विद्यार्थियों के लिए अब विद्यालय के द्वार अभियान के अन्तर्गत चयनित शासकीय और अशासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में आधार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। सभी स्कूलों में यू डाइस पोर्टल पर आधार में लंबित अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की स्थिति उपलब्ध है तथा विद्यार्थियों के लिए आधार कार्य अब विद्यालय के द्वार अभियान का तीसरा चरण बुधवार से चिन्हित हायर सेकेंडरी स्कूलों में शुरू हो गया है।

**शिविर का पूरा लाभ नहीं मिल पाता :** इस संबंध में शिक्षकों का कहना है कि स इसके पूर्व भी यह शिविर लगा चुके हैं और बच्चों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। बड़े स्कूलों में पूरे 10 दिन शिविर लगाए जाएं तो इसका लाभ मिल सकता है। पूर्व में संकुल स्तर पर दो-दो केंद्र बनाए गए थे, परंतु निजी विद्यालय सुबह से लगने के कारण और कैंपों का समय 10.30 बजे से होने के कारण 2 बजे के बाद ऑपरेटर खाली बैठे रहते थे, यदि ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाई जाए तो यह कार्य सभी विद्यालयों में अधिक से अधिक हो सकेगा।

## इंटरनेशनल गोल्डन वैली स्कूल का हुआ वार्षिकोत्सव




**जागरण, रीवा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल गोल्डन वैली स्कूल का वार्षिकोत्सव सखी मंडप गार्डन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य शास्त्री उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत के कार्यसमिति मेंबर एड. गोपाल त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम भव्यता पूर्वक संपन्न हुआ और इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की प्रस्तुत की गई, विद्यालय के डायरेक्टर विनय पांडे प्राचार्य, शैल पांडे व शिक्षकों में मुख्य रूप से बीना पांडे, अंजली मिश्रा, रेखा सिंह, संचिता पयासी, खुशी त्रिपाठी सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सीमा दुबे एवं प्रिया मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

## विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ अमहिया पावर हाउस में किया गया ध्वजारोहण

**जागरण, रीवा।** गणतंत्र दिवस के पावन पर्व में पावर हाउस अमहिया गल्ला मण्डी स्थित संघ कार्यालय में ध्वजारोहण ई. बी के शुक्ला अधीक्षण अभियन्ता एवं संघ संस्थापक डॉ. एल. के. मिश्रा द्वारा सम्पन्न किया गया। इंजीनियर बी के शुक्ला द्वारा अपने उद्‌बोधन में कर्मचारियों के जायज मांगों का समर्थन करते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया। इंजीनियर शुक्ल द्वारा 24 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात डॉ. एल के मिश्रा द्वारा अपने संबोधन में विद्युत मंडल के कंपनीकरण एवं उससे हो रहे कर्मचारियों के शोषण के प्रति ध्यानाकर्षण कराया गया। शिवनाथ सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गीत गाकर भाव विभोर कर दिया। अनिल बहादुर सिंह ने अपने संचालनीय क्षमता का परिचय देते हुए सभी कर्मचारियों को एक जुट रखने में सराहनीय कार्य किये। वरिष्ठ पदाधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उनके द्वारा काम में आने वाली कठिनाइयों का जिक्र करते हुए सभी को अपने कार्य के प्रति सजग किया। अन्य वक्ताओं द्वारा संगठन के प्रति सहयोग की भावना परिलक्षित करते हुए संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया। ध्वजारोहण समारोह में संघ के समस्त पदाधिकारी, तकनीकी एवं गैर तकनीकी कर्मचारी सम्मिलित होकर ध्वजारोहण के कार्यक्रम को सफल बनाया।

## आरडीसीए उपाध्यक्ष संजय सिंह ने किया ध्वजारोहण



**रीवा।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन मैदान रीवा में रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आरडीसीए के सह सचिव अनुराग सेठी, देवेश शुक्ला, एमपीसीए की मैनेजिंग कमेंटी के सदस्य अरुण शुक्ला, बीसीसीआई अंपायर रीतिका बुले के अतिरिक्त डॉ. राकेश त्रिपाठी, धीरेन्द्र शुक्ला, खुदा बख्श, जीतेन्द्र गुप्ता सहित इन्दौर एवं रीवा टीम के खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

# खराब मौसम ने प्रभावित किया रीवा एवं इन्दौर मैच के अंतिम दिन का खेल



**जागरण,रीवा।** डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व. हीरालाल गायकवाड़ अंडर-18 अंतरसंभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे एवं अंतिम राउंड के अंतर्गत रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मेजबान रीवा एवं इन्दौर की टीमों के बीच खेले जा रहा 4 दिवसीय मैच के अंतिम दिन बिना किसी परिणाम के 'ड्रा' के रूप में समाप्त हुआ। फाइनल में पहुंचने के लिये रीवा एवं इन्दौर दोनों ही टीमों को इस मैच में जीत दर्ज करनी आवश्यक थी पर अंतिम दिन का खेल खराब मौसम के कारण काफी प्रभावित हुआ तथा मैच लंच के 1 घंटे के बाद आरंभ हो सका। अंतिम दिन के खेल में मेजबान रीवा को जीत के लिये 347 रन बनाने थे वहीं इन्दौर को रीवा की दूसरी पारी के 10 विकेट लेने थे लेकिन लगभग 3 घंटे विलंब से शुरू हुये मैच में रीवा के बल्लेबाजों ने जोरदार खेल दिखाया जिसके कारण दूसरी पारी में रीवा ने 2 विकेट खोकर 149 रनों का स्कोर बनाया तथा इन्दौर की उम्मीदों पर तुषाराघात किया एवं मैच अनिर्णीत समाप्त हो गया। रीवा की दूसरी पारी में स्वाभिमान सिंह ने 69 रनों की नाबाद पारी खेली उनके अलावा कृष्णा वर्मा ने 38 रन बनाये। इस मैच के बेनतीजा समाप्त होते ही इन्दौर एवं रीवा दोनो ही टीमें फाइनल की रेस से बाहर हो गयी और चंबल एवं भोपाल की टीमों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस प्रतियोगिता में खेले गये अपने सभी 4 मैचों में रीवा के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया व किसी मैच में रीवा पराजित नही हुयी बल्कि 1 मैच मे सागर के खिलाफ जीत दर्ज की तथा ग्वालियर एवं शहडोल के विरूद्ध पहली पारी में लीड लेकर ज्यादा अंक अर्जित किये। अतः अगर सेमीफाइनल मैच का प्रावधान होता तो रीवा की टीम उसमें पहुंच चुकी थी परंतु मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इस सत्र में सीधे श्रेष्ठ 2 टीमों के बीच फाइनल मैच का ही प्रावधान रखा गया है। पूरी प्रतियोगिता में रीवा के कोच नवीन तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने प्रभावशाली खेल दिखाया। स्वाभिमान सिंह, अस्तित्व त्रिपाठी, हर्षित यादव, कृष्णा वर्मा, राजशेखर द्विवेदी एवं ध्रुव पटेल जैसे खिलाड़ियों ने अपने खेल से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। मैच के समाप्त होने के पश्चात बीसीसीआई अंपायर इन्दौर की रीतिका बुले एवं स्टेट पैनल अंपायर राकेश त्रिपाठी के द्वारा शानदार बल्लेबाजी करने वाले इन्दौर अर्णव शारदा एवं सुदीप वर्मा को संयुक्त रूप से मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# किशोर-किशोरियों को मिला आत्मरक्षा व बाल अधिकारों का प्रशिक्षण

## 5 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन




**रीवा।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय की सामुदायिक पुलिसिंग की अभिनव पहल सृजन कार्यक्रम के तहत अमहिया थाना परिसर में आयोजित 15 दिवसीय कराटे आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं बाल अधिकारों पर आधारित क्षमता वर्धन शिविर का भव्य समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा आत्मरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना रहा। यह सृजन कार्यक्रम पूरे प्रदेश में डीआईजी कम्युनिटी पुलिसिंग विनीत कपूर के मार्गदर्शन में जिला पुलिस अधीक्षक एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से संचालित किया गया। रीवा जिले में इसका सफल संचालन पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के समन्वय में डीएसपी उदित मिश्र (नोडल अधिकारी), अजाक थाना प्रभारी निशा मिश्रा, सूबेदार दिलीप तिवारी, सूबेदार गीता तथा अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सामाजिक संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संस्था की ओर से सुमित सिंह, चक्रपाणि मिश्र एवं आयुष अवस्थी ने समन्वय व सहयोग प्रदान किया। बच्चों को कराटे एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षक तोषराम कनौजे द्वारा दिया गया, जिन्होंने व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास कराया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सीएसपी रितु उपाध्याय ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा नियमित उपस्थिति एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया। 15 दिनों के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साइबर व ट्रैफिक पुलिस, बाल श्रम विभाग सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के समन्वयक सुमित सिंह ने किया।

## दवा विक्रेता संघ ने फहराया तिरंगा




**रीवा।** गणतंत्र दिवस के दिन दवा विक्रेता संघ द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इंदिरा मार्केट में अध्यक्ष तरुणेन्द्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एमपीसीडीए के जोनल सेक्रेटरी सतीश मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, विशाल नागपाल, शिवदास गुप्ता, मनोज जैन, अनवर खान, शैलेन्द्र पटेल सहित सैकड़ों केमिस्ट मौजूद रहे।

# जमीनों को विवादित बनाकर हड़पने का मऊगंज में चल रहा बड़ा खेलः चोटीवाला



**जागरण, रीवा।** विधिवत आपसी बटवारे के बाद जिस भूमि की बिक्री होती है, नामान्तरण एवं बटांकन एवं नक्शा तरमीम हो जाता है, रिकार्ड दुरुस्त हो जाता है। चार पांच साल इस मामले में कोई आपत्ति या शिकायत नहीं होती। किन्तु उसी जमीन के करीब से जब सड़क स्वीकृत हो जाती है, जिला मुख्यालय के करीब हो जाती है तो उस जमीन को सुनियोजित षडयंत्र के साथ विवादित करने का प्रयास किया जाता है। जिन लोगों का उस जमीन में कोई अधिकार नही होता, कोई बैध दस्तावेज नहीं होते वे उसमें अबैध कब्जा करने का प्रयास करते हैं, किन्तु जब उनका यह प्रयास विफल कर दिय जाता हे तो सोशल मीडिया के माध्यम से भूस्वामियों को तरह-तरह से बदनाम करने की कोशिश की जाती है। इस तरह के आरोप पत्रकार वार्ता में किसान नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ चोटीवाला ने लगाये। उनके साथ सभी भूस्वामी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि तहसील मऊगंज की ग्राम रकरी की आराजी क्रमांक 1206 रकवा 3.028 हे.की बिक्री वर्ष 2022 में मूल भूस्वामी हंसराज पाण्डेय, शांति पाण्डेय एवं सावित्री पाण्डेय ने विधिवत विक्री किया। इसके बाद भूमि का नामान्तरण हुआ, बटांकन दर्ज हुआ और रक्शा तरमीम करवाया गया। किन्तु भूमि की बिक्री एवं अभिलेख दुरूस्त होने तक कोई शिकायत या विवाद नहीं हुआ। कारण यह था कि हिस्साबांट में हंसराज वगैरह को जो भूमि दी गई थी वह बंजर एवं गैर उपजाऊ भूमि थी। किन्तु जब मऊगंज को जिला बनाया गया तो वहीं बंजर भूमि महत्वपूर्ण एवं उपयोगी दिखने लगी। यही कारण है कि बिक्री नामान्तरण एवं नक्शा तरमीम के चार पांच साल बाद अब उस भूमि को विवादित करने का प्रायस किया जा रहा हे। साजिसकर्ता रामभुआल पटेल, शशिकान्त पाण्डेय, नरेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य कई लोग अब एकराय होकर साजिश रच रहे हैं। उस क्रयशुदा गैर विवादित भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जब उनकी कोशिश नाकाम हो जाती है तो फिर भूस्वामियों को बदनाम करने की कोशिश की जाती है।

# अजित पवार के निधन पर भाजपा ने व्यक्त किया शोक

**रीवा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री, अनुभवी एवं कर्तव्यवान नेता अजित पवार के आकस्मिक निधन से महाराष्ट्र ने एक दूरदर्शी, दृढ़ निश्चयी और जनहित के लिए सतत समर्पित रहने वाले नेता को खो दिया है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। विमान हादसे में हुई दुर्घटना पर उनके निधन पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पार्टी के जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, मनीषा पाठक, अशोक सिंह गहरवार, शरद साहू, राजेश प्रताप सिंह, मनीषचन्द्र शुक्ला, संध्या कोल, जिला मंत्री कल्पना पटेल, रविराज विश्वकर्मा, प्राणेश ओझाा, गीता मांझी, बिजेन्द्र गौतम, सुमन शुक्ला, बाबूलाल यादव, वासुदेव ठारवानी, अलखनारायण केशरवानी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पांडे, वरिष्ठ नेता महाबली गौतम, विमलेश मिश्रा, राम सिंह, रमेश गर्ग कमलेश्वर सिंह माया सिंह राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक पन्नाबाई प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, गौरव पांडे राजगोपाल मिश्रा चारी कल्पना श्रीवास्तव, साधना पटेल चंद्रशेखर तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, गंगा यादव मुनिराज पटेल, अनिमेष द्विवेदी, प्रकाश श्रीवास्तव, कमल सोनी, नरेंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश पांडे, पार्षद ज्योति सिंह, राकेश सिंह, बुद्धसेन नापित, राजकुमार जायसवाल, उर्मिला द्विवेदी, बालानन्द द्विवेदी, अंजू गुप्ता, पूनम मिश्र तरुणा वर्मा, जय प्रताप सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया।

# रामलखन शर्मा का निधन



**रीवा।** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामलखन शर्मा का अरूण नगर स्थित आवास में मंगलवार रात्रि 11 बजे निधन हो गया। वो 93 वर्ष के थे। स्व. शर्मा एक माह से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार थाना रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पड़रा में किया गया। स्व. शर्मा के निधन पर उनके करीबियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है एवं इस दुख की घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है। स्व. मिश्र अपने पीछे पुत्र रामजी शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गए।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर पटवारी सिद्धांत त्रिपाठी सम्मानित



**जागरण, रीवा।** तहसील हुजूर जिला रीवा को शासकीय कार्यों के संपादन में उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप पटवारी सिद्धांत त्रिपाठी को प्रतिभा पाल आईएएस कलेक्टर रीवा के द्वारा गणतंत्रत दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये पहलाद पटेल प्रभारी मंत्री म.प्र.शासन के द्वारा एस.ए.एफ. ग्राउण्ड रीवा में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदान किया जाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इससे कर्मचारी कांग्रेस संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं पूर्ण कर्मचारी जगत में अति हर्ष का वातावरण है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## कामिनी प्रजापति व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर जिला रीवा म.प्र.

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-MJCSUC8/2025
प्रोसेस नं.-16/2026
पेशी दिनांक-23.02.2026

पूनम सिंह पिता स्व. पवन कुमार सिंह पत्नी ध्रुव सिंह ग्राम/पोस्ट-कांकर थाना गढ़ तहसील त्योंथर जिला रीवा म.प्र. .....**आवेदक**

**बनाम**

प्रकम्पन्न सिंह पिता स्व. पवन कुमार सिंह निवासी ग्राम खटिया पोस्ट व थाना सोहागी तहसील त्योंथर जिला रीवा म.प्र. ....**अनावेदक**

**विषय :-** प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहारवाद प्रकरण क्रमांक-MJCSUC8/2025 पूनम सिंह पत्नी ध्रुव सिंह निवासी ग्राम पोस्ट कांकर जिला रीवा म.प्र. का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक क्रमांक-1 ता 7 की उपस्थिति हेतु प्रकाशनार्थ आवेदक क्रमांक MJC-SUC8/2026 पूनम सिंह पत्नी ध्रुव सिंह ग्राम कांकर जिला रीवा म.प्र. द्वारा न्यायालय श्रीमती कामिनी प्रजापति व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 वरिष्ठ खण्ड त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा वावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश 7 नियम 1 व्या.प्रा.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरुद्ध व्यवहार पेशी किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 23.02.2026 नियत किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो न्यायालय में सुबह 11 बजे से उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 23.02.2026 को हर आम व खास की ओर से उपस्थित नहीं है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

नोटः यदि किसी कारण से नियत तिथि 23.02.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो इस स्थिति में कार्यदिवस में सुनवाई की जावेगी।

**कामिनी प्रजापति**
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
RN-83731 त्योंथर जिला रीवा म.प्र.

डायरेक्टर-अम्ब्रीश उपाध्याय
मोबा. 7021777625, 9987606771
**राम श्याम वर वधु केन्द्र**
हमारे यहाँ सभी प्रकार के रिश्ते कराये जाते हैं-तलाकसुदा, विधुर, सर्विसमेन, बिजनेसमेन, गर्वमेन्ट, एम्प्लायी, मांगलिक, नॉन मांगलिक, कुण्डली मिला के करवाये जाते हैं। पता-वार्ड नं. 4, निर्मल नगर के सामने, मंगलम् मैरिज गार्डन के बगल में चोरहटा रीवा (म.प्र.) 486006 RN-83161(28/2)

**आवश्यकता है**
कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी/हेल्पर की आवश्यकता है।
8770231515 पर सम्पर्क करें। RN-83159(30/1)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## पंजीयन अभियान 15 मार्च तक

रीवा। जिले में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पात्र मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए दो चरणों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के शहरी क्षेत्र में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक तथा दूसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्र में 15 फरवरी से 15 मार्च तक अभियान चलाया जा रहा है।

# स्व. रामानंद सिंह निडर, स्वाभिमानी व अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व्यक्ति थेः उप मुख्यमंत्री




**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्व. रामानंद सिंह निडर, स्वाभिमानी व्यक्ति थे उन्होंने गरीबों, शोषितों तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना बलिदान दिया। वह हमेशा दूसरों के लिये जीते थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल स्व. रामानंद सिंह की 46वीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। रीवा शहर के बरा बगीचे में आयोजित पुण्य तिथि समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. रामानंद सिंह ईमानदारी से कार्य करने के लिये याद रखे जायेंगे। उन्होंने कम उम्र में गरीबों की आवाज बनकर समाज में अपना स्थान बनाया था। उनकी असमय मृत्यु ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। उनकी स्मृति में यह आयोजन समाज को जागरूक करने के लिये है जिसमें सभी को यह संकल्प लेना होगा कि चाहे वह किसी भी समुदाय, दल या वर्ग से हो, शुचिता की राजनीति कर देश हित में कार्य करें। शुक्ल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखकर ही विकास हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी युवा परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा स्व. रामानंद जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपेक्षा की कि यह आयोजन प्रतिवर्ष होगा। श्री शुक्ल ने आश्वस्त किया कि सिरमौर चौराह में भावनाओं के अनुकूल स्व. रामानंद जी की चिर स्मृति को सहेजने का कार्य होगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल, पूर्व विधायक रामलखन सिंह, राम सिंह, माया सिंह, विद्यावती पटेल पूर्व विधायक, पार्षद ज्योति सिंह, रोहणी प्रताप सिंह, कल्पना पटेल, विभा सिंह ने अपने उद्बोधन में स्व. रामानंद सिंह का पुण्य स्मरण किया। इस दौरान पूर्व सांसद राजमणि पटेल, रश्मि सिंह, अशोक पटेल, शेषमणि पटेल, राजेन्द्र पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप गौतम सुमन सहित बड़ी संख्या में संभाग से आये प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक सिंह व बैजनाथ सिंह बैजू ने किया।

## (आशुतोष प्रताप सिंह) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक RCSA-176/2025
पेशी दिनांक 26.02.2026

सुरेन्द्र प्रसाद गौतम पिता हरवंशराम गौतम उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मलपार पो. अंजोरा, थाना सोहागी, तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) ........ वादीगण/आवेदकगण

बनाम

अम्बीका देवी बेवा स्व. वाल्मीक प्रसाद ग्राम मलपार थाना सोहागी तह. त्योंथर जिला - रीवा म.प्र. (मृतक) ......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में प्रकाशन।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक RCSA-176/25 सुरेन्द्र गौतम पिता हरवंशराम ग्राम मलपार पोस्ट अंजोरा का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 02 की उपस्थित हेतु प्रकाशनार्थ आवेदक क्रमांक RCSA-176/25 सुरेन्द्र गौतम पिता हरवंशराम गौतम ग्राम मलपार पो. अंजोरा थाना सोहागी जिला -रीवा म.प्र. द्वारा न्यायालय श्रीमान् आशुतोष प्रताप सिंह द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 26.02.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 26.02.2026 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी। नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 26.02.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

आशुतोष प्रताप सिंह
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड
RN- 83163 त्योंथर जिला रीवा म.प्र.

## न्यायालय- व्यवहार न्यायालय वर्ग-2 कनिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)

प्रोसेस नम्बर -56/26
व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक RCSA/79/2024
पेशी दिनांक 09.02.2026

श्रीमती रीता देवी पति उमेश कुमार तिवारी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बराह, पो. कोनियाकला तह. जवा जिला रीवा (म.प्र.) ........ वादीगण/आवेदकगण

बनाम

1- जोखू प्रजापति पिता सुखई प्रजापति उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम बराह पो. कोनियाकला तह. जवा, जिला रीवा म.प्र. 2- म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर रीवा जिला रीवा (म.प्र.) ......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक RCSA 79/2024 श्रीमती रीता देवी पति उमेश तिवारी ग्राम बराह तह. जवा का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 1 व 2 की उपस्थिति हेतु प्रकाशनार्थ आवेदक क्रमांक RCSA 79/2024 श्रीमती रीता देवी पति उमेश तिवारी उम्र 45 वर्ष ग्राम बराह पो. कोनियाकला तह. जवा जिला-रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान मोहिनी भदौरिया व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 कनिष्ठ त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत जोखू प्रजापति के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 09.02.2026 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण में अनावेदक /प्रतिवादी जोखू प्रजापति पिता सुखई प्रजापति ग्राम बरा पो. कोनियाकला तह. जवा जिला रीवा म.प्र. एवं कलेक्टर जिला रीवा वांछित हैं एवं जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 09.02.2026 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 09.02.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

(मोहिनी भदौरिया)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
कनिष्ठ खण्ड त्योंथर,
RN- 83729 जिला रीवा म.प्र.

## निष्क्रिय 27 मैत्रियों से गौसेवा किट ली गई वापस

**रीवा।** पशुपालन विभाग द्वारा भारत सरकार की राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत युवाओं को गौसेवा और उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। इन्हें तीन माह के प्रशिक्षण के बाद 50 हजार रुपए की कृत्रिम गर्भाधान किट, ट्रेविस तथा लिक्विड नाइट्रोजन कैरियर दिया गया। इन्हें मैत्री के रूप में कार्य करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात किया गया। कार्य में रूचि न लेने वाले 27 प्रशिक्षित मैत्री का शासन के साथ स्थापित अनुबंध समाप्त कर दिया गया है। इनके प्रशिक्षण प्रमाण पत्र निरस्त करके निःशुल्क दी गई किट वापस ले ली गई है। इनके स्थान पर अन्य व्यक्तियों को प्रशिक्षण देकर मैत्री के रूप में तैनात किया जाएगा।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सम्राट चौक, सिविल लाईंस, सीधी (म.प्र.)

PHONE No. 07822-297539 E-mail:-piusidhi@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-02/2026/केन्द्रीय निविदा आमंत्रण/सी.ई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/161 रीवा, दिनांक 16.01.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_448973_1 | जिला-सीधी (म.प्र.) में सामाजिक न्याय विभाग अन्तर्गत वृद्धा आश्रम, में बाउण्ड्रीवॉल, गार्ड रूम एवं आंतरिक सड़क का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 85.65 | 85650.00 | 10000 | 06 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 20-01-2026 समय 10:00 से दिनांक 03-02-2026 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
G-25013/25 लोक निर्माण विभाग, सीधी

## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. वि./यां. संभाग रीवा

क्रमांक/10455/कार्य/निविदा/2025-26 रीवा, दिनांक 16/01/2026
निविदा क्र. D-50/2025-26 रीवा, दिनांक 16/01/2026

**निविदा आमंत्रण-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_477149_1 | जिला-रीवा में कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल रीवा में 33 के.व्ही. सब स्टेशन एवं डी.जी. सेट (बिना मटेरियल) के आपरेशन एवं मेंटिनेंस के आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 1669532.00 | 2000.00 | 33391.00 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 03/02/2026 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। निविदा दिनांक 05/02/2026 को खोली जावेगी।

(इंजी. आर.पी. सिंह)
कार्यपालन यंत्री
G-25009/25 लोक निर्माण विभाग (वि./यॉ.) संभाग रीवा (म.प्र.)

## CHANGE OF NAME

I, Smt. Kaushiliya Devi Spouse of Late Ram Pratap Ex-Sep No 6465826 Resident of ward no 12 Village Kota Post Hardua Tehsil-Semariya, Distt – Rewa (M.P) state that my name has been mentioned as Smt.Kaushiliya Devi in the Army records, which is incorrect. My correct name is Kaushilya Singh. Now my name write read and known as Kaushilya Singh.

RN-83318 **Kaushilya Singh.**

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2026-14

**कार्य का नामः पार्ट 'ए'** झाँसी डिवीज़न : कंस्ट्रक्शन ऑफ आरपीएफ बैरक फॉर मेल ऑफ़ 20 बेडेड कैपेसिटी एंड फॉर फीमेल फॉर 10 बेड कैपेसिटी अलोंग विथ मेस,टॉयलेट, बाथरूम ईटीसी फॉर आरपीएफ/आरपीएसएफ स्टाफ एट चित्रकूट धाम कर्वी।

**पार्ट 'बी'** सिविल इंजीनियरिंग वर्क फॉर प्रोविजन ऑफ इंटरलॉकिंग ऑफ़ एलसी गेटस नंबर 377,382 एंड 473 हैविंग टीवीयू ग्रेटर देन 20000 ऑफ़ झाँसी डिवीजन अंडर सीनियर डीईएन/ईस्ट सेक्शन जूरिडिक्शन।

**अनुमानित लागत रू.:** 31951862.03 **अमानत राशिः** 309800.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि : 20.02.2026 at 15:00 hrs.** • निविदा दिनांक 20.02.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 199/26(D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
मो. नं. : 9425601511/9340714903

**प्रेस-विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला शहडोल, मैहर एवं पन्ना में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 25/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2026_MPPHC_478680, 478681 & 478682_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124182/2026 **परियोजना यंत्री**

## पश्चिम मध्य रेल

**वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल**
**No: JBP/C/NFR/E-Tender/25, Date 23.01.2026**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।, **क्रम सं.-1, श्रेणी**-डीआरएम कार्यालय परिसर में डिजिटल बैंकिंग इकाई एवं एटीएम इकाइयाँ, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक**- DBU-JBP-JBP-Gen-22-26-1, **परिसंपत्ति / कार्य का विवरण**- "जबलपुर स्थित मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय परिसर में स्वचालित टेलर मशीनों (एटीएम) एवं डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) की व्यवस्था, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय**-29/01/2026, 15:30, **क्रम सं.-2, श्रेणी**-BRGW, BEHR, BRRB, DRGM, GBGG, GWCB, SGAM, MZH पर खुले / आवृत वेगनों की सफाई हेतु निविदा, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक**-MSS-JBP-BRGW-BOXNWC-114-26-1, **परिसंपत्ति / कार्य का विवरण**- जबलपुर मंडल में लोडिंग अनलोडिंग बिंदुओं, गुड्स शेड / रेलवे साइडिंग क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सहित खुले अथवा आवृत वैगनों, गुड्स शेड एवं लोडिंग / अनलोडिंग ट्रैकों की सफाई तथा सफाई उपरांत प्राप्त अवशेष सामग्री का उचित निपटान हेतु निविदा, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय**- 05/02/2026, 15:30:00, **क्रम सं.-3, श्रेणी**- BGTA, BRGT, DDCE, JKE, KHBJ, KMA, NNV, MEGN, BGWR पर खुले / आवृत वेगनों की सफाई हेतु निविदा, **टेंडर सूचना संख्याएवं दिनांक**- MSS-JBP-BGWR-BOXNWC-115-26-1, **परिसंपत्ति / कार्य का विवरण**- लोडिंग / अनलोडिंग बिंदुओं, गुड्स शेड / रेलवे साइडिंग क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सहित खुले अथवा आवृत वैगनों, गुड्स शेड एवं ट्रैकों की सफाई तथा अवशेष सामग्री का उचित निपटान हेतु निविदा, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय**- 05/02/2026, 15:40:00, **क्रम सं.- 4, श्रेणी**- DMO, GAR, GSPR, KEQ, LDA, MYR, NU, PPI, REWA, STA पर खुले / आवृत वेगनों की सफाई हेतु निविदा, **टेंडर सूचना संख्या एवं दिनांक**- MSS-JBP-GSPR-BOXNWC-116-26-1, **परिसंपत्ति / कार्य का विवरण**- खुले अथवा आवृत वैगनों की सफाई, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सहित, तथा सफाई के पश्चात प्राप्त अवशेष सामग्री का उचित निपटान हेतु निविदा, **लॉट समाप्ति तिथि एवं समय**- 05/02/2026, 15:50:00, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध ई-टेंडर लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। ई-टेंडर से संबंधित जानकारी मंडलीय रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पचिम मध्य रेलवे, जबलपुर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर परिषद सेमरिया, जिला-रीवा (म.प्र.)

**-:: दावा आपत्ति सूचना ::-** सेमरिया, दिनांक 28.01.2026

क्रमांक 107 पट्टा/न.परि. / 2026 म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल तथा राजस्व विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक 4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17/11/2025 के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत बी.एल.सी घटक के पात्र हितग्राहियों को पात्रता / मापदंण्ड अनुसार शासन द्वारा प्रदाय लक्ष्य पूर्ति करने हेतु म.प्र.क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति / (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे हेतु सर्वे राजस्व तहसील सेमरिया एवं नगर परिषद की संयुक्त टीम द्वारा कराया गया है। उक्त पात्रता सूची में दावा/आपत्ति जारी सूचना से 07 दिवस तक कार्यालयीन समय में निकाय के राजस्व शाखा / प्रधानमंत्री आवास शाखा एवं कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है। सूची के संबंध में यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो नियत तिथि तक प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति मान्य नही होगे।

**भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) सूची**

| क्र. | नाम | पिता/पति का नाम | वार्ड | रकवा | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुनीता कुशवाहा | विनीत कुशवाहा | 7 | 20/14 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 2 | श्री शंकर कुशवाहा | पराग कुशवाहा | 7 | 18/15 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 3 | श्री केमली वासदेव | समयपाल वासदेव | 8 | 13/20 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 4 | श्री राकेश सोनी | सुखलाल सोनी | 8 | 14/18 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 5 | श्रीमती सावित्री शर्मा | सौखी लाल शर्मा | 11 | 20/14 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 6 | श्री मिठ्दू लाल कोल | ददुवा कोल | 12 | 20/15 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 7 | श्रीमती रंजना सिंह | राकेश सिंह | 14 | 14/18 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |
| 8 | श्री जयलाल साकेत | गणेश साकेत | 15 | 20/14 | निकाय के कर पंजी वर्ष 2019-20 में दर्ज है |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सेमरिया
जिला – रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सिंगरौली (म.प्र.)

पता-विजय बंधुपेट्रोलपम्प के पास, Email-eephedsin@gmail.com Phone :-07805-299483
नि.आ.सू.क्रं 156/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.या./खण्ड/सिंगरौली/2026 दिनांक 23.01.2026

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों हेत निविदा का आन लाईन वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.02.2026 सायं 17:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 03.02.2026 साय 17:30 बजे है। निविदा मे संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईटपर देखी जा सकती है।

Name of Work:-Piped Water Supply Scheme with RCC Over Head Tank under Jal Jeevan Mission (JJM) at Village-Charki, Bhaisahud, Dauadol & Naya Tola, Sub Division-Deosar Distt-Singrauli (M.P.)

| S. No | NIT No. | Tender ID | Name of Village/Block | PAC (Rs. In Lakhs) | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 156/2025-26 | 2026_PHED_477804_1 | Charki, Bhaisahud, Dauadol & Naya Tola in Deosar | 73.72 | 73720.00 | 10000.00 | 3rd |

**कार्यपालन यंत्री**
लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
G-24978/25 सिंगरौली (म.प्र.)

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला रीवा (म.प्र.)

E-mail:- modgmrew.@mp.gov.in

पत्र क्रमांक/117/खनिज/2026 रीवा, दिनांक 23/01/2026

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए)

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक रीवांचल सिलिका उद्योग पार्ट. विवेक कुमार गुप्ता द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 22-01-2026 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 27-02-2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्ट/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रीवा | त्योंथर | खम्ठरा खुर्द | 15 | 3.674 हे. में से 3.000 हे. | शासकीय | एमसेण्ड उत्खनिपट्टा | |
| | | | कुल रकवा | | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**उप संचालक**
(खनिज प्रशासन)
G-24992/25 जिला रीवा, (म.प्र.)

# धान खरीदी केंद्र मिसिरगवां का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



## लापरवाही पर दिये सख्त निर्देश

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा धान खरीदी केंद्र मिसिरगवां का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में रखे धान की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने धान को पानी से बचाने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि खरीदे गए समस्त धान को पानी एवं नमी से सुरक्षित रखने के लिए आज ही पन्नी (कवर) की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि धान की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यह किसानों की मेहनत और शासन की संपत्ति से जुड़ा मामला है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान की तौल, भंडारण व्यवस्था एवं अभिलेखों की भी जांच की तथा संबंधित कर्मचारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। लापरवाही पाए जाने पर समिति प्रबंधक के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि सभी धान खरीदी केंद्रों पर धान का सुरक्षित भंडारण व किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अनिल गुप्ता, तहसीलदार शिवम गौतम उपस्थित रहे।

## पूर्ण करने की जगह ध्वस्त कर दिया गया सीएफटी भवन, जांच की उठी मांग

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** ग्राम पंचायत पुरैनी में विकास कार्यों पर प्रश्न चिन्ह तब उठे जब अधूरे राजीव गांधी सेवा केंद्र (सीएफटी) भवन को पूर्ण कराए जाने के बजाय जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद यह मामला सामने आया, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि पुरैनी में निर्मित सीएफटी भवन के लिए पूर्व में शासन से राशि आहरित की गई थी, बावजूद इसके भवन को अधूरा छोड़ दिया गया। न तो आज तक संबंधित पूर्व सरपंच एवं सचिव से राशि की वसूली हुई और न ही अधूरे निर्माण को पूर्ण कराने का कोई प्रयास किया गया। इसके विपरीत, 27 जनवरी को उक्त बड़े शासकीय भवन को गिरा दिया गया और उससे निकले शासकीय निर्माण-मटेरियल के दुरुपयोग की भी आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नईगढ़ी को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की तत्काल जांच की मांग की है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि बिना सक्षम स्वीकृति एवं विधिसम्मत प्रक्रिया के किसी शासकीय भवन को गिराना लोक धन की खुली क्षति है। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एक ओर हम क्षेत्र के विकास के लिए हर स्तर पर सहयोग और राशि की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से आग्रह कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह की अराजकता और मनमानी बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पूर्व सरपंच-सचिव द्वारा आहरित राशि की आज तक वसूली नहीं हुई, तो फिर इतने बड़े भवन को गिराने का निर्णय किसके संरक्षण में लिया गया? जनपद पंचायत अध्यक्ष ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए, शासकीय मटेरियल की रिकवरी कराई जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत बाल विवाह मुक्त भारत बनाने किया जागरूक




**आचंलिक डेस्क।** रामनई में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत बाल विवाह मुक्त भारत पर नारी चौपाल का आयोजन 27 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक गरिमा मिश्रा एंव जिला सहायक रिंकी मिश्रा जिला परियोजना सहायक उपस्थित रही। कार्यक्रम का सुभारंभ दीप प्रज्वलन एंव स्वागत गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में अंजना सिंह परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक राजकुमारी शर्मा, रीतू वर्मा, प्रीती उपाध्याय, चिन्ता सिंह, पुष्पा सिंह, पूर्णिमा बाजपेयी, गीतांजली मिश्रा तथा विकासखण्ड समन्वयक जय प्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे। जिला परियोजना समन्वयक गरिमा मिश्रा द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे मे उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई। अंजना सिंह परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान महिला एंव बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा है। और इसमे बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 को सख्ती के साथ लागू करने का जोर दिया गया है। बाल विवाह भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण मिशन है। जिसका उद्येश्य 2030 तक देश से बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करना है। श्रीमती सिंह द्वारा बताया गया बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना के तहत हम बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते है। इसके लिये हमें समाज में जागरूकता बढ़ानी होगी। और बाल विवाह के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी होगी। हमें बेटियों को शिक्षा और अवसर प्रदान करने होंगे ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सके। राजकुमारी शर्मा पर्यवेक्षक द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकार उपस्थित महिलाओं को दी गई। एवं पुष्पा सिंह द्वारा उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## सरस्वती उमावि देवतालाब में स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

**देवतालाब, नि.प्र.।** सरस्वती शिशु मन्दिर उ.मा. विद्यालय देवतालाब में भैया-बहिनों के साथ-साथ विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति ने ध्वजारोहण कर 77वाँ गणतंत्र दिवस मनाया। इस समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी, शिवपूजन शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के व्यवस्थापक ब्रह्म विद्या तपो ज्योति मिश्र ने स्वतंत्रता सेनानियों की त्याग, तपस्या को नमन करते हुए भैया-बहिनों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्राचार्य दयाशंकर तिवारी ने सभी अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया तथा देश को अंग्रेजो के गुलामी से आजादी दिलाने वाले एवम देश की आन-बान-शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों को शत-शत नमन किया। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सांस्कृति कार्यक्रमों को अभिभावक बन्धुओं द्वारा भूरि-भूरि सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य राजेश तिवारी, डॉक्टर ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, राजेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य लाल बहादुर ने किया। कार्यक्रम के अन्त में मिष्ठान वितरण किया गया।



## देवतालाब महाविद्यालय में फहराया तिरंगा

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व गरिमामय वातावरण में मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट के.के. मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट के.के. मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवपूजन शुक्ला एवं दीपेश बड़ौलिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कार्यालय कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की आउटसोर्स कर्मचारी शिवा मिश्रा के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



## देवतालाब के शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति की गूंज

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देवतालाब क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय पर्व पूरे हर्षोल्लास, सांस्कृतिक चेतना और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालयों से लेकर महाविद्यालय तक देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों की सक्रिय सहभागिता रही। देवतालाब के विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। देवभूमि एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश और राष्ट्रप्रेम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। गंगा मेमोरियल स्कूल और न्यू रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के ऊर्जावान नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, जबकि गावीं पब्लिक स्कूल में छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन जीत लिया। इन आयोजनों में स्कूल संचालक व स्टाफ-उपेंद्र मिश्रा, प्रकाश शुक्ला, सुनील पटेल, गौरव प्रसाद गुप्ता, अशोक मिश्रा, अवधेश तिवारी, महेन्द्र सिंह, ज्योति, संध्या, नीलाक्षी एवं शिवानी-की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रमों में अतिथिगण सुशील शुक्ला, पवन शुक्ला, आर.एन. पटेल, आशीष पटेल, सोनू पंडित एवं चूड़ामणि शुक्ला, पत्रकार ब्यंकटेश तिवारी उपस्थिति रहे।



## त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने किया ध्वजारोहण

**त्योंथर ब्यूरो।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, त्योंथर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार अरविन्द तिवारी, विजय तिवारी, राजन शुक्ला, अजय सोनी, गौरव मिश्रा, शास्त्री प्रसाद मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, करूणा शंकर चतुर्वेदी, इशू केशरवानी, शिवरतन नामदेव, अशोक कुमार गुप्ता, कमलेश्वर राठौर, प्रदीप द्विवेदी, सफ़त मंसूरी को सम्मानित किया गया। विधायक ने निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## आर्योदय स्कूल अतरैला में गणतंत्र दिवस पर भव्य आयोजन

**जवा ब्यूरो।** आर्योदय हायर सेकेंडरी स्कूल अतरैला में गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री हनुमान कथा समिति के संस्थापक भाजपा नेता सर्जेश पांडेय रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी डाक्टर अरूणेन्द्र शेषर मिश्रा नें की। विशिष्ट अतिथि दिव्यगमां महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह रहे। समारोह का संचालन सुरेंद्र मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि सर्जेश पांडे नें ध्वजारोहण ध्वज बंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सर्जेश पांडेय ने सैकड़ो वर्षों के संघर्ष और कुर्बानियों से मिली आजादी पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि और अतिथियों ने पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया । समारोह में प्रमुख रूप से श्रीकांत तिवारी, उमाकांत द्विवेदी, सरपंच प्रतिनिधि संदीप वर्मा, राजमणि गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, विद्यालय के आचार्य मेवा लाल वर्मा, जयप्रकाश माझी, रवि मिश्रा, मनीष कोरी, चंद्रपाल केवट, उर्मिला द्विवेदी, मिथिलेश मिश्रा, रश्मि तिवारी, राशि तिवारी, कोमल सिंह, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



# स्वयं सेवक संगठन के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गोविंदगढ़ में विशाल हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन



**आंचलिक डेस्क।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को गोविंदगढ़ में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोग शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य रूप से संयोजक केशव प्रसाद सोंधिया, सह संयोजक संतोष गुप्ता ,मातृशक्ति से सहसंयोजक देववती सिंह के कुशल नेतृत्व पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंचासीन कथावाचक दीप नारायण शास्त्री, मातृशक्ति मनोरमा , विश्व हिंदू परिषद मुख्य वक्ता के रूप में हरि नारायण का उद्बोधन सबने सुना। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक मातृशक्ति की विशाल भीड़ सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सौरभ सिंह, पार्षद ज्ञानेंद्र सिंह, विजय गुप्ता एवं सभी कार्यकर्ता जिसमें नीतिश गुप्ता, देव कुमार पांडे, शत्रुघ्न पाल, एडवोकेट कृष्णपाल राजीव गुप्ता, विनोद पहेलियां सुनील वर्मा, संजय गुप्ता, मोहन जगदीश गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, पप्पू द्वारिका, राजेंद्र गुप्ता फोटोग्राफर, चंद्रिका सोनी, संतोष तिवारी, सुरेश सिंह तिवारी, श्रवण सिंह तिवारी, रूपेश बहेलिया, विजय गुप्ता, इंद्रमणि पांडे उमेश साकेत, अवनीश मिश्रा, मुकुल यादव, रजनीश यादव, बृज किशोर ,राम शिरोमणि सिंह, सोनू गुप्ता, नंदू, रविंद्र, धर्मेंद्र, शिवनारायण, विस्तारक जितेंद्र पटेल, विनय, आशीष, मशाल मचल पाल व हिंदू समाज के समस्त शिष्ट कार्यकर्ता सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## त्योंथर में आयुष को दी गयी श्रद्धांजलि



**चिल्ला, नि.प्र.।** यूपी के बरगढ़ गांव में 13 वर्षीय मासूम आयुष केशरवानी की हुई बेरहमी से हत्या पर 26 जनवरी को त्योंथर बाजार के भैरवनाथ रामलीला मंच पर नगर के यूवाओं और व्यापारियों ने श्रद्धांजलि दी, साथ ही कैंडल मार्च निकालकर शोक जताया गया। मृतक आयुष का त्योंथर के चिल्ला बाजार में ननिहाल था, इस दुखद घटना से शोक का व्याप्त है। सत्यम गुप्ता, विनय गुप्ता, लव कुश गुप्ता, गुड्डन गुप्ता, दीपक गुप्ता, तनिस गुप्ता, लालजी चौरसिया, अमित गुप्ता, सुनील गुप्ता, विकास सोनी, हीरू सोनी, बच्चा गुप्ता, केशव गुप्ता, बसंत सोनी, हरिश्चंद्र कचेर, अमित कचेर, विनोद गुप्ता, संदीप गुप्ता, कैलाश गुप्ता, अनिल गुप्ता, बंटी गुप्ता, राजेश गुप्ता अनंत लाल गुप्ता, महेश सोनी, मनोज गुप्ता, छोटे गुप्ता, राज गुप्ता, संतु गुप्ता सीवेक गुप्ता, प्रताप गुप्ता, रोहित सोनी, बृजेश नामदेव, शोभा लाल कचेर आदि लोग उपस्थित थे।

## विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में वितरित की निःशुल्क दवाइयां

**आचंलिक डेस्क।** विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह के सौजन्य से विंध्य स्वास्थ्य सेवा समिति बॉसघाट रीवा द्वारा संचालित विंध्य ब्लड एवं कम्पोनेन्ट सेन्टर रीवा के माध्यम से सिरमौर रेडक्रास सोसाइटी कार्यालय में विशाल रक्तदान शिविर एवं विंध्य हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर के माध्यम से वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 24 जनवरी को किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.पी. मिश्रा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुषा पाण्डेय, कैंसर सर्जन डॉ. विनित कुमार तिवारी, चेस्ट फिजीशियन डॉ सौरभ पाण्डेय एवं गैस्ट्रोलाजिस्ट डॉ. निशांत जैन ने अपनी विशेषज्ञ सेवाए प्रदान की। शिविर में एक सैंकडा से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण विधायक के कर कमलों से कराया गया। साथ ही 50 से भी अधिक तरह की पैथालाजिकल जॉचों की भी निःशुल्क सुविधा प्रदान की गई। शिविर के सफल आयोजन में रेडक्रोस सोसाइटी सिरमौर के सभी पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी सम्मानित



**सिरमौर,नि.प्र.।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिरमौर दृष्टि जायसवाल (आईएएस) एवं तहसीलदार तहसील सिरमौर अनुपम पांडेय को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्य के लिए सम्मानित किया गया । इसी प्रकार थाना प्रभारी थाना सिरमौर उप निरीक्षक दीपक तिवारी को अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के साथ आपरेशन मुस्कान में महती भूमिका के लिए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह कार्यक्रम रीवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल द्वारा रीवा के प्रभारी एवं पंचायत, ग्रामीण मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह में सम्मानित किए जाने पर आंचल अग्रहरी तहसीलदार मनगवां, नायब तहसीलदार विंदु तिवारी, नायब तहसीलदार ललन सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अश्वनी तिवारी नप सिरमौर सहित तहसील, थाना एवम निकाय के कर्मचारियों ने बधाई दिया।

## आयुष को न्याय दिलाने जवा बाजार में निकाला गया कैंडल मार्च




**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील अन्तर्गत जवा चौराहे पर आयुष को न्याय और इंसानियत के लिए जवा बाजार में शांति पूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें जवा के नगरवासी व्यापारियों ने जवा चौराहे से लेकर पथरौड़ा तक पैदल यात्रा निकालकर अपराधियों को फांसी देने की मांग की है। आपको बता दें कि 22 जनवरी को उत्तरप्रदेश के बरगड़ में एक मासूम बच्चे आयूष का अपहरण के बाद निर्मम हत्या से आस पास के क्षेत्र में दुख के साथ साथ आक्रोश भी व्याप्त है। वही इस कैंडल मार्च के बाद समाजसेवी राहुल गुप्ता ने कहा कि आज इस मासूम की हत्या से हर कोई दुखित है, नि: शब्द है। अब लोग उस मासूम बच्चे के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, अपराधियों को फांसी की सजा की मांग कर रहे हैं, इस कैंडल मार्च में प्रमुख रूप से शिवम हलवाई, अमन गुप्ता, सत्यम गुप्ता, सिल्लू गुप्ता रवी गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## गुरु वशिष्ठ ट्रॉमा सेंटर मऊगंज में जबड़े की सफल सर्जरी

**आंचलिक डेस्क।** मऊगंज जैसे नवीन जिले में गुरु वशिष्ठ ट्रॉमा सेंटर में अपने ही क्षेत्र ढेरा मिश्रगवा के निवासी डॉ अभिषेक मिश्रा ने अपने ग्राम वासियों को वही कॉम्प्लेक्स सर्जरी की सुविधा देकर मरीज को भटकने एवं महंगे खर्च से राहत प्रदान किया है। हाल में सड़क दुर्घटना में टूटे हुए तीन जबड़े के मरीज की एक के बाद छोटे से चीरे द्वारा जबड़े की फैक्चर सर्जरी गुरु वशिष्ठ हॉस्पिटल में की गई। सभी मरीजों को 24 घंटे के अंदर ही खाना पीना भी दिया जाने लगा तथा 2 से 3 दिन ने छुट्टी दे दी गई। इस तरह के जटिल ऑपरेशन के लिए अब तक लोग नागपुर, जबलपुर, भोपाल जैसे जगह का रुख करते थे लेकिन विंध्य संभाग में जबड़े की सर्जरी विशेषज्ञ डॉ मिश्रा ने यही मऊगंज जिले में सभी आधुनिक मशीन उपलब्ध कराई तथा उचित उपचार प्रदान किया। भविष्य में किसी भी तरह के टूटे जबड़े, कटी फटी नाक, कान की सर्जरी, बंद हो चुके या टेढ़े टेढ़े मुंह की सर्जरी की सुविधा यह आयुष्मान के माध्यम से करने की सुविधा शुरू की जाने वाली है। इस पूरे प्रयास में हॉस्पिटल संचालक एवं आर्थोपेडिक सर्जन डॉ कृपा शंकर मिश्रा एवं एनेस्थीसिया टीम का विशेष योगदान रहा।



## कृष्णा उमावि विद्यालय सेमरिया में गूंजा वंदे मातरम



**सेमरिया, नि.प्र.।** कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरिया में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सोसायटी अध्यक्ष सेमरिया भागीरथी शुक्ला के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अशोक उर्मलिया समिति प्रबंधक, देवेंद्र तिवारी (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष) राम जी अग्निहोत्री, फिरोज खान, कृपामन अग्निहोत्री, सुंदरलाल अग्निहोत्री, गोमती प्रसाद अग्निहोत्री, एम.एल. त्रिपाठी(पूर्व प्राचार्य) उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुकता का संदेश दिया। इस अवसर पर भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारों से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत गीतों के साथ शुरू हुई, इस अवसर पर छात्रों ने अपनी गीतों, भाषण आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया, इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रामनरेश द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा करने की शिक्षा दी। इस दौरान विद्यालय के उप प्राचार्य संतोष पाण्डेय, व्यवस्थापक राहुल त्रिपाठी, वरिष्ठ व्याख्याता रोहित त्रिपाठी, ज्ञानेश शर्मा, सिम्पी शुक्ला, अमित जी, सोनम पाण्डेय, विकास शुक्ला, सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाए भी मौजूद रहे।

## सोहागी स्कूल व कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**त्योंथर ब्यूरो।** सोहागी पब्लिक स्कूल में चेयरमैन डॉ.रघुराज सिंह ने ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि डॉ रघुराज सिंह ने अपने उद्बोधन में आज के दिन सभी स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को श्रद्धांजली दी, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्र कराया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य विवेक सिंह, डॉ प्रेमप्रभा सिंह, श्री मति शीला सिंह व अनेक अभिभावक तथा शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जे.पी. सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किए। सोहागी कॉलेज में प्रातः समिति की सदस्य डॉ प्रेमप्रभा सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शरण दीपांकर ने सभी का स्वागत किया तथा बीएड विभागाध्यक्ष डॉ अमित ओझा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व देशभक्ति गीत प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ रघुराज सिंह, अनिल, विवेक सिंह, शीला सिंह व सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## हनुमना नगर में जगह-जगह ध्वजारोहण के साथ प्रस्तुत हुए रंगमंचीय कार्यक्रम



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना,देश का 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हनुमना क्षेत्र में विगत वर्षों की भाती इस वर्ष भी नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक गणतंत्र दिवस समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर परिषद हनुमना में नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने ध्वजारोहण किया इसके साथ ही पूरे नगर वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर परिषद के सीएमओ अरूण कुमार त्यागी, नगर परिषद उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता के साथ, पार्षद नवनीत गुप्ता, उपाध्यक्ष शरद जय गुप्ता, पार्षद पप्पू खान सुरेश सेन, तारकेश्वर गुप्ता एवं सभी नगर परिषद के उपयंत्री के साथ कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस थाना हनुमना थाना में उपनिरीक्षक दिव्या उपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई थाना के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। सुखवंती देवी शिक्षण संस्थान कॉलेज के प्रबंधक कमल नयन तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अनीता त्रिपाठी, राजेश उपाध्याय, विजय कुमार गुप्ता, अंकिता शुक्ला, श्याम नारायण पाल, आदि लोग मौजूद रहे। चेक पॉइंट हनुमना के प्रभारी ने ध्वजारोहण कर देश के नाम संदेश दिया। साथ में आरक्षक तारेश चौरसिया, अनूज सिंह, कर्मवीर सिंह के साथ होम गार्ड के साथ के साथ हनुमना नगर के गण़मान्य नागरिक उपस्थित रहे। **हनुमना नगर में निकाली गई तिरंगा रैली :** आयोजक अभिषेक मिश्रा, अभय सूरज सिंह द्वारा अर्जुनपुर से पूरे हनुमान नगर होते हुए हनुमान जी मंदिर तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें मऊगंज जिले भर के उपस्थित मुख्य कार्यकर्ता रोहित सिंह शिवम् तिवारी, कमलेश तिवारी, अभय यादव, शिवांश मिश्रा, रितेश दुबे दीपू यादव, शिवम बिरहा, सुजीत मिश्रा, दुर्गेश सोनी, रितेश मिश्रा, अभिषेक सोनी, रवि के साथ सैकड़ो लोगों से भी ज्यादा लोग तिरंगा रैली को सफल बनाया। सरस्वती शिशु मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और विद्यालय के व्यवस्थापक विजयपाल सिंह, ज्योति गुप्ता, राज राखन मिश्रा, राजेश गुप्ता एडवोकेट कमलनयन गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुरेश गुप्ता ललित शुक्ला, हरिशंकर द्विवेदी, चतुरेश गुप्ता, पत्रकार सरोज गुप्ता आदि के साथ विद्यालय के बच्चों बच्चियों के अभिभावक एवं कई गण मान्य नागरिक विद्यालय के समस्त स्टाप के साथ सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सेवा सहकारी समिति खाद्यान्न वितरण केंद्र मनगवां में गणतंत्र दिवस की धूम

**मनगवां, नि.प्र.।** सेवा सहकारी समिति खाद्यान्न वितरण केंद्र मनगवां में ज्योती सुनील तिवारी ने तिरंगे झंडे को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच शिवशंकर शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लकी शुक्ला, सुनील मिश्रा, अरूण मिश्रा मौजूद रहे। ध्वजारोहण कर मुख्य अतिथि शिवशंकर शुक्ला ने तिरंगे को नमन किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच शिवशंकर शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक तिवारी, अरूण मिश्रा, विपिन मिश्रा, योगेश पटेल,शिवेंद्र सिंह,अमोल गौतम,लकी शुक्ला,शुभम तिवारी,मनीष दुबे, सूरज नामदेव,राजकुमार प्रजापति, अभय कोल वरिष्ठ समाजसेवी ऋषिकेश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## विद्यास्थली स्कूल में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** विद्यास्थली हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह काफी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें से अधिकाशं कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत थे । नन्हे मुन्ने बच्चों ने कविता, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और भाषण के माध्यम से लोगों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बबिता साकेत थी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर आर के साहू जी ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार जताया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं ,शिक्षक गण और अभिभावक गण मौजूद रहे।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक स्थगित

**रीवा।** रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 29 जनवरी को आयोजित होने वाली राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक सूचना की जानकारी बैठक निश्चित होने पर दी जाएगी।

## लापरवाह ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गंगेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मदरी के सचिव (पंचायत कर्मी) अनीश कमल गौतम को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि न लेने, पेंशन योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गई है।

## उप मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के निधन पर व्यक्त किया शोक



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई से बारामती जा रहे चार्टर विमान की क्रैश लैंडिंग की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 5 लोगों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। इस विमान में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार भी सवार थे। यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हृदय विदारक घटना में दिवंगत सभी यात्रियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। इस घटना में उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश के ग्वालियर जिले की बेटी को-पायलेट शांभवी पाठक के निधन भी गहरा शोक व्यक्त किया है।




## गैराज से कार चुरा ले गए बदमाश

### चोरहटा थाना क्षेत्र में सामने आई घटना



**जागरण, रीवा।** चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गैराज से कार चोरी होने का मामला सामने आया है। मेटेनेंस के लिए कार मालिक कार गैराज में खड़ा किया था। गैराज संचालक ने कार के स्वामी को मामले की सूचना करीब 14 घंटे बाद दी, जिसके बाद कार के मालिक ने घटना की शिकायत चोरहटा थाना में दर्ज करवाई है। बताया गया कि वाहन स्वामी प्रमोद सोनी 26 जनवरी को गैराज में अपनी कार खड़ा किए थे जिसके बाद 27 जनवरी को कार चोरी होने की उन्हें जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि गैराज संचालक को पहले ही घटना की जानकारी हो गई थी, लेकिन उसने वाहन स्वामी को काफी देर बाद सूचना दी। जिससे एफआईआर में देरी हुई। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी बुधवार को सामने आया। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति वाहन को गैराज परिसर से बाहर ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। घटना के बाद पुलिस मामला पंजीबद्ध कर कार सहित आरोपी की खोजबीन में लगी हुई है।

# भाजपा नेत्री की मौत हिट एण्ड रन या एक्सीडेंट, गुत्थी सुलझाएगी एसआईटी

### शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह की राजनैतिक सहायक थी मृतका रोशनी शुक्ला



### गांव पहुंचने पर हाइवे में खून से लथपथ मिली थी मृतका

**जागरण, रीवा**

मकर संक्रांति की रात करीब 9 बजे सिरमौर थाना क्षेत्र के बेलवा मोड़ के पास भाजपा नेत्री रोशनी शुक्ला को बोलेरो ने कुचल दिया था। दो दिन बाद रोशनी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतका रोशनी शुक्ला शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह की सहायक थी। पूर्व सीएम सहित कई भाजपा नेताओं के साथ रोशनी की फोटो पूर्व में दिखती थी। रोशनी की मौत दुर्घटना है या हिट एण्ड रन, पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एक-एक बिंदु पर एसआईटी पूरे मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया था कि रोशनी को एक कॉल आया था, दलिया प्लांट के संचालक ने उसे बुलाया था। एक दिन पहले ही वह दिल्ली में सांसद हिमाद्री के आवास से वापस रीवा आई थी। बताया गया कि रोशनी दलिया प्लांट का भी कुछ काम संभालती थी, संचालक ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और मिठाई देने के लिए रीवा बुलाया। वह बस से रीवा गई और वापस लौटी। रात करीब 8.30 बजे वह अपने भाई को फोन कर बोली की वह बेलवा मोड़ के पास आ गई है, लेकिन जब तक भाई पहुंचा रोशनी हादसे का शिकार हो चुकी थी। बताया गया कि ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद रोशनी को बोलेरो उठाकर बाहर निकाला। उसकी हालत नाजुक थी, पूरा शरीर बुरी तरह क्षतविक्षत था। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां 16 जनवरी को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि रोशनी की हत्या की गई है। जानबूझकर बोलेरो से उसे कुचला गया है। पूरे मामले की जांच अब एसआईटी की टीम कर रही है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### हत्या या हादसा चल रही

रोशनी की रेकी कर हत्या की गई य फिर यह सड़क दुर्घटना थी, इसकी जांच पुलिस टीम कर रही है। चर्चा है कि रोशनी के बेलवा के पास पहुंचने से पहले दो बोलेरो करीब चार घण्टे से वहां से आ जा रही थी, जिसके बाद जब रोशनी पहुंची तो उसके साथ यह हादसा हो गया। एक बोलेरो रोशनी को चपेट में लेते हुए उसके ऊपर पलट गई जिसके नीचे वह दबी रही। ग्रामीणों ने बल्ली के सहारे बोलेरो को उठाया और घायल रोशनी को बाहर निकाला, जिसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

> प्रथम दृष्टया एक्सीडेंट का मामला लग रहा है। पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसआईटी की गठन किया गया है, जो घटना के एक-एक बिंदु की बारीकी से जांच कर रही है, जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **दीपक तिवारी**
> **थाना प्रभारी सिरमौर**

## किराना दुकान में आगजनी

### पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप

**जागरण, रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा पैकान में एक किराना दुकान में आगजनी की घटना सामने आई है। किराना दुकान संचालक विकास सिंह ने अज्ञात असामाजिक तत्वों पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। आगजनी में दुकान का काउंटर सहित अंदर रखी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। बताया गया कि घटना बीती रात की है, जब दुकान संचालक सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो उसको जानकारी हुई। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे अपराधों को और बढ़ावा मिलेगा। यह घटना स्थानीय कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। घटना की सूचना पीड़ित दुकानदार द्वारा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले को जांच में लिया है।

## ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार की बचाई जान



**जागरण, रीवा।** जबलपुर से रीवा होते हुए मनगवाँ थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज के धवैया गांव जा रहे बाइक सवार दो लोग फोरलेन हाईवे पर जुगनिहाई टोल प्लाजा के समीप अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायल कुछ समय तक सड़क पर ही पड़े रहे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे समाजसेवी धर्मेंद्र मिश्रा ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत अपनी गाड़ी रोककर घायलों की मदद की। उन्होंने मौके से एम्बुलेंस बुलवाकर दोनों घायलों को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया। समाजसेवी धर्मेंद्र मिश्रा की तत्परता और साहसिक पहल से दोनों घायलों की जान बच सकी। स्थानीय लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है।







## नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में घुसकर किया दुकानदार पर हमला

**जागरण, रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में चार नकाबपोश बदमाशों ने बीती रात एक दुकान में घुस कर दुकानदार रोहित शर्मा पर हमला कर दिया। बदमाशों के दुकान में घुसते ही दुकानदार कुछ समझ पाते उसके पूर्व ही बदमाशों ने उनसे कुछ कहे बिना ही मारपीट करना शुरू कर दी, बदमाशों के हाथों में जो सामान आया उसे उठाकर दुकानदार की पिटाई कर रहे थे। बदमाशों द्वारा मचाए गए उत्पात में दुकान का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकानदार रोहित शर्मा की चीख पुकार सुन कर आसपास के दुकानदार व अन्य लोग रोहित शर्मा की दुकान की और दौड़े लोगों को आते देख दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने के बाद नकाबपोश बदमाश फरार हो गए। दुकानदार रोहित शर्मा ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई है। पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे में कैद घटना को देखते हुए अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया है और बदमाशों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# गौवंश का धारदार हथियार से वध करने का आरोप

### नईगढ़ी के जिलहड़ी गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस



**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम जिलहड़ी में गौवंश वध का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और बरामद मांस को जांच के लिए पशु चिकित्सा विभाग भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिलहड़ी निवासी शिवम सिंह ने थाने में आवेदन देकर बताया कि गांव के ही हीरा साकेत, मिठ्ठू साकेत और मझीले साकेत ने स्कूल के पास एक बगीचे में बछड़े की धारदार हथियार से हत्या कर दी। आरोप है कि आरोपी बछड़े का मांस बोरी में भरकर अपने घर ले गए, जबकि सिर, पैर और अन्य अवशेष घटनास्थल पर ही छोड़ दिए। ग्रामीणों को आरोपियों के घर की पीछे से संदिग्ध मांस से भरी बोरी भी मिली है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची नईगढ़ी पुलिस ने मांस जब्त कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### बिखरे मिले शरीर के हिस्से

आरोपियों ने गोवंश की हत्या को छिपाने के लिए उनके शरीर के टुकड़ों को बिखरा दिया था। कहीं सिर फेंका था कही पर पैर पड़े थे। पैरों को तो गेहूं के खेत में फेंका गया था। बताया गया है कि आरोपियों के घर के पछीती में दो बोरियों में भरा गोवंश का मांस जब्त किया गया है।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com